FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

मुकाम

अदालत बिर्जुलाल बनाम TBR Deoli

किस्म मुकदमा 128 LR Act नं. 284 सन् 2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुए
26/5/2022	अधिवक्ता वादी/प्रार्थी द्वारा पेश [illegible] रजि. किया जाकर प्रतिवादी/अप्रार्थी [illegible] जारी हो पत्रावली दिनांक 14/6/2022 [illegible] उपखण्ड अधिकारी, देवली	
14/6/2022	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। तहसीलदार देवली की रिपोर्ट प्राप्त। अधिवक्ता प्रार्थी ने तहसीलदार रिपोर्ट का अवलोकन कर प्रार्थना पत्र स्वीकार करने की प्रार्थना की। पत्रावली व तहसीलदार देवली की रिपोर्ट का अवलोकन किया। तहसीलदार देवली की रिपोर्ट अनुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। निर्णय/आदेश पृथक से शामिल हो। पत्रावली फेसल शुमार होकर नम्बर से कम हो दाखिल दफ्तर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी देवली	

Scanned with CamScanner

र्यालय उपखण्ड अधिकारी देवली जिला टोंक

संख्या –284/2022 निर्णय दिनांक :– 14/6/2022

नी प्रार्थना पत्रः–

अर्जुनलाल पुत्र सुखपाल गुर्जर निवासी सरकावास तहसील दूनी जिला टोंक राज0

–प्रार्थी पक्ष–

बनाम

तहसीलदार दूनी जिला टोंक राज0

–अप्रार्थी पक्ष–

प्रार्थना–पत्र पत्थगढी बाबत् अन्तर्गत धारा 128 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट

आदेश

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया, अधिवक्ता प्रार्थी को सुना गया। तहसीलदार की रिपोर्ट अनुसार आराजी खाता संख्या 7 खसरा नं 275 रकबा 3.28 है0 ग्राम सरकावास तहसील दूनी प्रार्थी पक्ष की खातेदारी व कब्जेकाश्त की आराजी भूमि है। उक्त भूमि पर किसी न्यायालय का स्थगन नहीं है। उक्त भूमि का पड़ोसी खातेदार से विवाद है, परन्तु अधिवक्ता प्रार्थी के कथनानुसार सीमा विवाद नही है।

अतः जमाबन्दी सम्वत 2071–2074 में अंकित आराजी खाता संख्या 7 खसरा नं 275 रकबा 3.28 है0 ग्राम सरकावास तहसील दूनी की विधिवत् पत्थरगढी की जाने हेतु सम्बंधित तहसीलदार को मौका कमिश्नर बनाया जाता है और मौका कमिश्नर फीस 1000/– निर्धारित की जाकर एतत्द्वारा आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी से पत्थरगढी कॉस्ट राशि नियमानुसार सीमाज्ञान शुल्क जमाकर उक्तानुसार पालना की जावे।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल की जाती है।

(भारत भूषण गोयल)
उपखण्ड अधिकारी
देवली

Scanned with CamScanner